11074

66

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14 / अ0प्र0–14–267 / 2025 10724 / पटना, दिनांक– 10.10.25

दिनांक 02.07.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, पटना के अधीन Package No. MGSY/24-25/Patna/02 (Tender ID- 141459) हेतु दिनांक 29.05.2025 को प्राप्त निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा की गयी।

उक्त निविदा में संवेदक Nitesh Kumar (Reg. No. 1250203) Add:- S/O Sadan Prasad, Harihar Rai Path, Indrapuri, Patliputra, Patna Bihar Pincode: 800024 (BID ID-616788) द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–01 के द्वारा निर्गत समरूप कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया, जिसके सत्यापन के क्रम में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–01 के पत्रांक 1616 अनु0 दिनांक 14.06.2025 द्वारा उक्त समरूप कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र Ziva Construction and Developers Pvt. Ltd. के नाम से निर्गत किया गया है। तदालोक में अनुभव प्रमाण–पत्र जाली / फर्जी होने के कारण CMBD की कंडिका.– 4.4 A (c) & 4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय गैर सरकारी प्रेषण संख्या–243 अनु0 दिनांक 22.08.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 9321 अनु0 दिनांक 29.08.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक Nitesh Kumar से स्पष्टीकरण की माँग की गयी। जिसके आलोक में संवेदक अपना स्पष्टीकरण विभाग में दिनांक 22.09.2025 को समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया है कि संदर्भित निविदा में अज्ञातवश किसी बहकावे में आकर अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड हो गया। जिसे समीक्षोपरान्त अस्वीकृत करते हुए संवेदक को कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु निर्णय लिया गया।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका– (ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार / संवेदक Nitesh Kumar (Reg. No. 1250203) Add:- S/O Sadan Prasad, Harihar Rai Path, Indrapuri, Patliputra, Patna Bihar Pincode: 800024 के निबंधन संख्या:–1250203 को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklist**) किया जाता है।

ह0/- 09.10.25

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–267 / 2025 10724 / पटना, दिनांक– 10.10.25

प्रतिलिपि– Nitesh Kumar Add:- S/O Sadan Prasad, Harihar Rai Path, Indrapuri, Patliputra, Patna Bihar Pincode: 800024को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 09.10.25

अभियंता प्रमुख

कृ0प0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–267 / 2025 10724 / पटना, दिनांक– 10-10-25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09-10-25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–267 / 2025 10724 / पटना, दिनांक–10-10-25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

09-10-25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–267 / 2025 10724 / पटना, दिनांक–10-10-25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09-10-25

अभियंता प्रमुख